# बर्नपुर में 'उत्कर्ष' क्विज कंपीटिशन सतर्कता जागरूकता को बढ़ावा



कार्यक्रम में शामिल बच्चों के साथ अधिकारी.

**बर्नपुर.** सेल आइएसपी के सतर्कता विभाग ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अंतर्गत मंगलवार को कॉन्फ्लुएंस सभागार में उत्कर्ष नामक अंतर-विद्यालयीय क्विज प्रतियोगिता आयोजित की. इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय है 'सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी'. यह तीन माह लंबा अभियान 18 अगस्त से 17 नवंबर 2025 तक चल रहा है, जिसका उद्देश्य समाज में नैतिकता, पारदर्शिता, ईमानदारी और सतर्कता के मूल्यों को बढ़ावा देना है.

आसनसोल, बर्नपुर और कुल्टी क्षेत्र के 10 विद्यालयों के कुल 48 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया. प्रतियोगिता का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक अभिलाष शर्मा और वरिष्ठ प्रबंधक विकास कुमार ने किया, जिनकी सजीव प्रस्तुति ने प्रतिभागियों और दर्शकों को रोमांचित बनाए रखा. बर्नपुर रिवरसाइड स्कूल के शीर्षा चट्टोराज (कक्षा 10) एवं वास्वर चट्टोराज (कक्षा 8) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. दिल्ली पब्लिक स्कूल, आसनसोल की आयुष चौधरी और आद्रीज दास की टीम प्रथम उपविजेता रही, जबकि बर्नपुर रिवरसाइड स्कूल के नितिन कृष्णा और आकर्ष ठाकुर द्वितीय उपविजेता बने.

## सतर्कता व ईमानदारी का संदेश

मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ जितेन्द्र यादव सापकले और महाप्रबंधक (सतर्कता) अजय कुमार भास्कर ने विजेताओं को बधाई दी और सतर्कता, पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा के मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया.